# जिला कलेक्टर ने हॉस्टल में छात्राओं से संवाद किया, जल्द रिवरफ्रंट भ्रमण होगा



जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने हॉस्टल में छात्राओं से संवाद किया।

**कोटा, (निसं)।** कामयाब कोटा एवं कोटा केयर्स अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के ईडब्ल्यूएस छात्रावास में कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने छात्राओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को सुना। छात्राओं ने स्टडी रूम के लिए फर्नीचर, भोजन में चावल और खाने के मेन्यू में बदलाव की बात कही, जिस पर कलक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर डॉ.गोस्वामी ने संवाद के दौरान छात्राओं से उनकी रुचि और खेल गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। छात्राओं ने खेलकूद से जुड़ी आवश्यकताओं को रखा, जिसके लिए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिऐं। छात्राओं के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने लाइब्रेरी में अंग्रेजी अखबार और मैगज़ीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

साथ ही, उन्होंने इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की भी व्यवस्था कराने की भी बात कही ताकि छात्राओं का व्यक्तित्व विकास हो सकें। कलक्टर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को ऊँचा रखें और कडी मेहनत से आगे बढ़ें।

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रही छात्राओं के लिए अध्ययन सामग्री और नोट्स उपलब्ध कराने की बात कही गई, जिससे सभी छात्राएं रोटेशन में उनका उपयोग कर सकें। छात्राओं ने छात्रावास में लॉकर और वाई-फाई की आवश्यकता व्यक्त की। इस पर कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक सविता कृष्णिया को निर्देश दिए कि वे इन सुविधाओं के लिए एस्टीमेट तैयार कर जल्द से जल्द इनकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रत्येक छात्रावास में शिकायत पेटी रखने के निर्देश दिए गए, जिसकी चाबी विभाग की उपनिदेशक के पास रहेगी। यह पेटी माह में एक बार खोली जाएगी और छात्राओं की गोपनीयता बनाए रखते हुए उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा। कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने बताया कि छात्रावास में पहले से पानी के लिए बोरिंग की सुविधा है, लेकिन अब छात्रावासों में नल कनेक्शन भी दिया जाएगा। इसके अलावा, ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी जल्द की जाएगी ताकि छात्राओं को गर्मी में परेशानी न हो।

**रेडियोलॉजिस्ट और आईएएस बनने की प्रक्रिया की जानकारी दी:-** छात्राओं ने रेडियोलॉजिस्ट बनने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मांगी, जिस पर कलक्टर ने बताया कि इसके लिए नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर पोस्ट-ग्रेजुएशन करना आवश्यक होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सुंदर लेखन की आवश्यकता पर उन्होंने कहा कि लेखनी स्पष्ट और प्रभावशाली होना चाहिए ताकि उत्तरों को आसानी से पढ़ा जा सकें। आईएएस बनने की तैयारी को लेकर उन्होंने छात्राओं को एनसीईआरटी की किताबें, अखबार और नियमित अध्ययन पर ध्यान देने की सलाह दी। कलेक्टर ने छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने और आयरन व फोलिक एसिड जैसी आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाएगी और समय-समय पर मेडिकल जांच कराई जाएगी।

**रिवर फ्रंट और ऑक्सीजोन पार्क भ्रमण से छात्राओं में उत्साहः-** छात्राओं के मानसिक विकास और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कलक्टर ने कहा कि जल्द ही उन्हें रिवर फ्रंट और ऑक्सीजोन पार्क का भ्रमण कराया जाएगा। इससे छात्राओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। संवाद के दौरान, कलेक्टर ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि वे उनके लिए बड़े भाई की तरह हैं और वे अपनी समस्याओं व सुझावों को बेझिझक उनके सामने रख सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को रोज अखबार पढ़ने और अपनी दिनचर्या को सुव्यवस्थित करने की सलाह दी।

इसके साथ ही, कोचिंग से आने में होने वाली देरी को देखते हुए छात्रावास की समय सारणी में आवश्यक परिवर्तन करने की बात भी कही। संवाद के बाद कलेक्टर ने छात्राओं को चॉकलेट वितरित कर सभी छात्राओं को ऊँचे सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया।

# 'सावित्री बाई फुले शिक्षा और समाज सुधार की सशक्त आवाज'

■ कोटा में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया

**कोटा, (निसं)।** कोटा शहर में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष और पार्षद शालिनी गौतम के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जेडीबी कॉलेज के सामने स्थित सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शालिनी गौतम ने सावित्री बाई फुले के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले भारतीय समाज में महिलाओं की शिक्षा, सशक्तिकरण और समानता की सबसे बड़ी प्रतीक हैं।

उन्होंने जिस समय समाज में महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार बंद थे, उसी समय अपनी शक्ति और संघर्ष से शिक्षा का प्रचार किया। उनका यह अद्वितीय योगदान आज भी समाज में महिला शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शक बना हुआ है।

आज, हम सभी को उनके योगदान को याद करते हुए अपने कर्तव्यों को समझने की आवश्यकता है, ताकि हम भी समाज में महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बना सकें। उनका जीवन समाज में बदलाव लाने का प्रेरणास्त्रोत है। शालिनी गौतम ने आगे कहा कि महिला कांग्रेस का संकल्प है कि हम सावित्री बाई फुले के सिद्धांतों पर चलकर समाज में महिलाओं को सशक्त बनाएंगे और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। महिला शिक्षा, महिला स्वास्थ्य और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर महिला कांग्रेस हमेशा काम करती रहेगी।

हमारा उद्देश्य है कि समाज में हर महिला को समान अवसर मिले और वह अपने अधिकारों को जानकर उन्हें हासिल कर सकें।

कार्यक्रम में पार्षद अनुराग गौतम, पार्षद कपिल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जॉन्टी बीरवाल, सेवादल अध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस रेहाना अंसारी, जिला महासचिव दीपक नागर, जिला सचिव राहुल पुरुस्वानी, अमित दाधीच, दीपक योगी, रोहित प्रजापति, भगवान सिंह भाटी, मनीष मेहता, बंटी मीणा आदि उपस्थित थे।

## करंट की चपेट से मौत

**कोटा, (निसं)।** बम्बोरी निवासी अमन सैनी उर्फ प्रदीप गढ़ेपान वाले माल में गेंहू की फसल को पानी पिलाते समय करंट की चपेट मे आकर अचेत हो गया। जिसे अचेतावस्था में उपचार के लिये गढ़ेपान सीएफसीएल लेकर गये जहां से कोटा के एमबीएस अस्पताल के लिये रैफर किया गया। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 14/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अमित धारीवाल पुत्र श्री शान्ति धारीवाल नवरंग होटल नयापुरा कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास "अरिहन्त एज्युकेशनल एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट" नवरंग होटल नयापुरा कोटा में प्रन्सासियों में हुए परिवर्तन एवं विधान के उद्देश्यों में किए गए परिवर्तनों को दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किए जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 04.04.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

## सार-समाचार

### महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला

**कोटा, (निसं)।** जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में महिला दिवस के अंतर्गत रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वधान में महिला सहशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय चेयरपर्सन आर.डी. मीणा ने की उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सम्मान से ही देश की उन्नति हो सकती है हम सब को इस के लिए प्रयासरत् रहना चाहिए। कुलपति डॉ.डी.पी.तिवारी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि जो महिलाएं खुद पर विश्वास करती हैं वही दुनिया बदलती हैं उनका आत्मविश्वास ही असली ताकत है उनकी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिलाओं के अधिकारों को विस्तार से बताया एवं इन की रक्षा करने के लिए सरकार द्वारा स्थापित सखि परामर्श केंद्रों के कार्यों को विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त डॉ.शांता डायल ने कहा कि जो महिलाएं खुद पर विश्वास रखती हैं वही दुनिया बदलती है उनका आत्मविश्वास ही उनकी असली ताकत है। बॉम सदस्य कमला मीणा ने कहा कि महिला दिवस पर संकल्प लें हर महिला को समान अवसर समान अधिकार और पूर्ण सम्मान देने का, महिला दिवस सिर्फ एक दिन नहीं हर दिन महिलाओं की उपलब्धियां को पहचाने और उन्हें आगे बढ़ने का है। सहायक आचार्य डॉ.प्रीति मीणा, डॉ.मुक्ति पराशर, डॉ. जागृति मीणा, डॉ.निधि शर्मा, डॉ. संतोष मीणा, डॉ.सुनीता मीणा, डॉ. रसीला भूरिया, डॉ. नमिता गोस्वामी आदि ने भी मंच को संबोधित किया। डॉ. डी.पी. तिवारी कुलपति द्वारा सभी महिलाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सुमन मीणा ने किया।

### केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण किया

**कोटा, (निसं)।** जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को केन्द्रीय कारागृह का औचक निरिक्षण किया गया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अनिल कुमार सिंघल एवं शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक वृत प्रथम योगेश शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक वृत द्वितीय गंगासहाय शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक वृत तृतीय राजेश कुमार टेलर, पुलिस उपअधीक्षक वृत चतुर्थ मनीष शर्मा एवं पुलिस उपअधीक्षक वृत पंचम लोकेन्द्र पालीवाल एवं शहर के 17 थानाधिकारियों सहित जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 180 पुलिसकर्मीयों व जेलकर्मीयो सहित केन्द्रीय कारागृह में सघन जांच अभियान चलाया गया। शहर एसपी ने बताया कि सघन जांच अभियान में बंदियो के सामानो, बैरिक, लंगर, अस्पताल एवं हार्डकोर वार्ड की मेटल डिटेक्टर व डॉग स्कवायड के माध्यम से गहनता से संयुक्त रूप से जांच कर तलाशी ली गई। सघन जांच अभियान के दौरान कारागृह व बंदियों के पास से कोई अवैध निषिद्ध सामग्री बरामद नही हुई है।

### विद्युत निगम ने तीन ट्रांसफार्मर उतारे

**छबड़ा (निसं)।** विद्युत निगम की टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए मानपुरा, कुलामपूरा व घट्टा गांव से 18 लाख से अधिक की बकाया राशि के तीन ट्रांसफार्मर उठाए। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला व कनिष्ठ अभियंता रजनीश चावला ने बताया कि उनके नेतृत्व में विधुत विभाग की टीम ने क्षेत्र के कुलामपुरा, मानपुरा व घट्टा गांव में 3 फेज के 3 ट्रांसफार्मर उठाए। जिनमे एक ट्रांसफार्मर पर 3.43 लाख, दूसरे पर 4.34 लाख एवं तीसरे पर 10.40 लाख कुल 18.15 लाख रुपये बकाया थे। साथ ही, उन्होंने बताया कि कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# शहर में बाबा खाटू श्याम की विशाल भव्य निशान यात्रा निकाली


रामगंजमंडी में बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई।

**रामगंजमंडी, (निसं)।** शहर में बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा 10 मार्च सोमवार को निकाली गई। निशान यात्रा में 11 हजार रंग बिरंगे निशान शामिल हुए। जिनके लिए जगह जगह भव्य स्वागत व नाश्ते वगैरह की लोगों में होड.सी मची हुई थी, वहीं बाबा के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था जिसमें सर्वधर्म समभाव दिखा। वहीं बाबा के भक्तों पर जगह जगह पुष्पवर्षा तो टैंकर से इत्र बरसी तो भक्तों ने भी फूलों व गुलाल से होली खेली और नगर को श्याममयी बना दिया। इस दौरान भारी तादाद में स्वागत द्वार भी लगाए गए थे।

निशान यात्रा प्रातः 11 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा में खाटूधाम से आया 12 फीट वाला बाबा श्याम का नीले घोडे पर सवार निशान और बालाजी महाराज का 10 फीट के मुख्य निशान की विधिविधान से पूजा अर्चना कर आरती की गई। यात्रा नगर के स्टेशन चौराहा, अंबेडकर सर्किल, युवादल चौराहा, शाहजी चौराहा, माल गोदाम चौराहा, सरकारी कुआ चौराहा, शहीद पन्नालाल चौराहा व नारायण टॉकीज चौराहा से सुकेत रोड होती हुई लगभग सायं तीन बजे सुविधा नगर स्थित बाबा खाटू श्याम के मंदिर पंहुची। जिसकी अगुवाई खाटूधाम से आए 12 फिट लम्बे निशान ने की। यात्रा में कोटा झालावाड़ जिले सहित उपखण्ड क्षेत्र से आसपास के गांवों व विभिन्न जिलों से हजारों बाबा श्याम प्रेमी शामिल हुए।

यात्रा में 4 डीजे एवं बैड के मध्य बाबा श्याम के जयकारे लगाते युवाओं का समूह चला जिसे 21 ढोल संगीत प्रदान कर रहे थे।इस मौके पर कच्ची घोड़ी नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें 12 सदस्यों ने भाग लिया। वहीं 120 स्थानों पर बाबा को भोग अर्पित किया। यात्रा में ड्रेस कोड धारी 250 सेवादारों ने अपनी सेवा दी।

बडे निशान के साथ 11 सेवादार भी थे जो बाबा श्याम की बग्गी के साथ एवं आगे पीछे 51 श्याम सेवादार अलग चले। श्याम महोत्सव के अंतिम दिवस 11 मार्च मंगलवार को श्री श्याम मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से महाप्रसादी होगी। अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने खाटू श्याम जी की बग्घी लेकर चल रहे सेवकों का भी इस्तकबाल किया। इस यात्रा में पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा व सीआई मनोज सिकरवार मय पुलिस जाप्ता पूरे समय मुस्तैद दिखाई दिये।

## रोजगार सहायता शिविर आज

**कोटा, (निसं)।** रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 11 मार्च मंगलवार को प्रातः 10 से सायः 4 बजे तक सूचना केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के विशेष अवसर प्राप्त होंगे।

**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)**
E-Mail Id:- np.sangod05@gmail.com Phone No.:-07450-294239
क्रमांकः-न0पा0सा0 / 2025 / 664 दिनांकः-07.03.2025

**ई-निविदा-सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 663 दिनांक 07.03.2025 के द्वारा कुल 1 कार्य की अनुमानित लागत 22.85 लाख की विभिन्न अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB19587 |

राज.संवाद / सी / 24 / 12931 — प्रशासक नगरपालिका सांगोद — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सांगोद

**कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला-बारां (राज.)**
क्रमांकः-न.पा.अ./भूमि/2024-25/4819-4822 दिनांक-10.03.25
प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**लोक सूचना**

श्री रामेशवर प्रसाद मीना पुत्र श्री लीलाराम जाति मीणा निवासी अन्ता जिला बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के व्यवसायिक उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-बारां तहसील-अन्ता | राजस्व ग्राम अन्ता पटवार हल्का अन्ता तह. अन्ता | 2242/273 रकबा 0.11 है. | 1100 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज....को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगरपालिका अन्ता

## रामगंजमंडी परिषद शाखा को प्रांतीय उत्कृष्टता सम्मान

**रामगंजमण्डी, (निसं)।** भारत विकास परिषद रामगंजमंडी शाखा को निःशुल्क नैत्र चिकित्सा शिविर, नेत्रदान, संकल्प पत्र व सामाजिक सेवा कार्यो के लिए 2024-25 का दक्षिण पूर्व प्रान्त में उत्कृष्टता सम्मान की शील्ड देकर सम्मनित किया। परिषद के संपर्क प्रमुख संजय पतीरा व सचिव आशीष गुप्ता ने बताया कि दक्षिण पूर्व हाड़ौती प्रांत द्वारा प्रति वर्ष सम्मान समारोह आयोजित कर शाखाओं को वरीयता व किये गए कार्यों के आधार पर सम्मानित किया जाता है। उत्कृष्टता सम्मान समारोह जो कि राष्ट्रीय मंत्री श्याम शर्मा की अध्यक्षता में और प्रांतीय अध्यक्ष रवि प्रकाश विजय प्रांतीय सचिव हिमांशु चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष अरविंद गर्ग आदि द्वारा सम्मानित किया।

# पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन को ज्ञापन दिया

**कोटा, (निसं)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण और कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन को ज्ञापन दिया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी ने बताया कि शहर में बढ़ रहे अपराध को रोकने के लिये कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रखते हुये कहा कि शहर में आये दिन घटित घटनाओं एवं बढ़ते अपराधों से शहर में कानून व्यवस्था चरमरा रही है जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए अपराधियों पर सख्ती करने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिला दिवस पर जहाँ देशभर मे महिलाओं को शुभकामनाएं दीं गयी वही कोटा में निजी विद्युत कम्पनी केईडीएल ने मनमानी करते हुए महिलाओं के साथ धक्का मुक्की व अभद्रता कि जिस पर विज्ञान नगर पुलिस प्रशासन ने एक तरफा कार्यवाही करते हुए महिलाओं से अभद्रता की और मुकदमा दर्ज कर दिया।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनुराग गौतम ने महिलाओं के साथ हो रही चैन स्नैचिंग और स्टूडेंटो के साथ मोबाईल लूटने एवं मारपीट करने की घटनाओ पर कार्यवाही नहीं होने से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है जो किसी भी अपराध को अंजाम देने मे जरा भी संकोच नहीं करते हैं। जिला महासचिव कपिल शर्मा ने कहा की रात को आठ बजे के बाद शराब एवं नशे का कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से खुल्लेआम हो रहा है इससे शहर में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है। सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया ने कहा कि रिहायशी मकानों में चोरियाँ, शहर के पार्को की रेलिंग चुराना आम हो गया है, पार्को में असामाजिक तत्वों के जमावडे से आमजन में रोष व्याप्त है। ज्ञापन देने में पार्षद व कांग्रेस महासचिव कपिल शर्मा, पार्षद व महिला जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम, पार्षद अनुराग गौतम, गफ्फार हुसैन, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, जिला सचिव दीपक नागर, राहुल पुरसवानी, ब्लॉक उपाध्यक्ष अमित दाधीच, मुकेश चौधरी, रोहित प्रजापति, भगवान सिंह भाटी, दीपक योगी, गोपाल, मनीष मेहता, बंटी मीणा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका रामगंजमंडी**
क्रमांकः-न.पा.रा./भूमि/2025/4732 दिनांकः-10.3.25

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री देवीलाल पुत्र श्री गंगाराम जाति मेहर निवासी खैराबाद तहसील रामगंजमण्डी जिला कोटा राजस्थान ने इस कार्यालय में स्वयं के स्वामित्व की भूमि जिस पर यह काबिज है, ग्राम कुदायला के खसरा नम्बर पुराना 517 नया 704 के रकबा 1.13 है. में से 0.39 हैक्टियर अर्थात् 3900 वर्गमीटर भूमि जो अमरपुरा-दुष्यनतपुरा रोड पर स्थित है कि पत्रावली वांछित पत्रादि के साथ औद्योगिक प्रयोजनार्थ एकल पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस भूमि के भाग रकबा 9444 वर्गगज भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ पट्टा पालिका द्वारा दिनांक 26.09.2011 को जारी किया जा चुका है। वर्तमान में उक्त भूमि का भू-उपयोग मास्टर प्लान 2031 अनुसार औद्योगिक प्रयोजनार्थ प्रस्तावित है। इस सम्पूर्ण खसरा नम्बर नया 704 पुराना 517 रकबा 1.13 हैक्टियर पर 90 बी की कार्यवाही श्रीमान उपखण्ड अधिकारी कार्यालय रामगंजमण्डी द्वारा पूर्व में की जा चुकी है। इस प्रकरण में श्रीमान वरिष्ठ नगर नियोजक विभाग कार्यालय कोटा जोन कोटा के राजकाज रेफरेंस क्रमांक 14024416 दिनांक 06.03.2025 से तकनीकी अनुशंषा प्राप्त हो चुकी है। उक्त आवेदिक भूमि में से मार्गाधिकार में आ रही भूमि को छोड़ने के उपरांत 1840.42 वर्गमीटर भूमि शेष बचती है जिसका पट्टा औद्योगिक प्रयोजनार्थ जारी किया जाना है, उक्त भूमि के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा कर दिया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10.03.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रामगंजमण्डी

# जिला कलेक्टर व एसपी ने छबड़ा पहुंचकर बैठक ली


जिला कलेक्टर व एसपी ने छबड़ा पहुंचकर बैठक ली।

**छबड़ा (निसं)।** थाना परिसर में सोमवार को जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर व एसपी राजकुमार चौधरी की मौजूदगी में आगामी त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण रूप से मनाए जाने को लेकर सीएलजी व शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर तोमर ने उपस्थित सदस्यों से सुझाव लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हथकढ़ कच्ची शराब के मुद्दा भी छाया रहा और जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को आबकारी विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया।

यहां जिला कलेक्टर तोमर ने होली पर पेयजल व विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक-दिशा निर्देश दिए। बैठक में पूर्व पार्शद रितेष षर्मा सहित उपस्थित लोगों ने क़स्बे में बिना रोक-टोक के गली-मोहल्लों में बिक रही कच्ची शराब पर रोक लगाने व आबकारी विभाग द्वारा इनके विरुद्ध कार्यवाही नही करने का आरोप लगाया।

इस पर ज़िला कलैक्टर ने आबकारी सीआ प्रकाश देवडा को कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम रामसिंह गुर्जर, तहसीलदार यादवेंद्र यादव, थानाधिकारी राजेश खटाना, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिंह चौधरी, विद्युत निगम के सहायक अभियंता जयेंद्रसिंह झाला, जलदाय विभाग की सहायक अभियंता शुभ्रा मीणा, नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता रवि शर्मा व आबकारी विभाग के सीआ प्रकाश देवडा ने भाग लिया। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी, कांग्रेस नेता निज़ामुद्दीन खान, मानसिंह धनोरिया, जगदीश शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, इक़बाल बुलंद, आमिर सिद्दीकी, निरंजन शर्मा, सीपी गेरा, अशोक गौड़, राज मोहम्मद, अब्दुल वाहिद, हरिओम गौड़, राजमल सोनी व हितेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे।

■ हथकढ़ कच्ची शराब को लेकर आबकारी सीआई को सुनाई खरीखोटी

**हथकढ़ कच्ची शराब को लेकर आबकारी सीआई को सुनाई खरीखोटी:-** सीएलजी व षांति समिति की बैठक में भाग लेने पहुंचे जिला कलेक्टर रोहिताश्वसिंह तोमर के समक्ष भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष सीपी गेरा ने आबकारी विभाग के सीआई को जमकर खरीखोटी सुनाते हुए कहा कि आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर यहां आमजन में काफी आक्रोश व्याप्त हैं।

आबकारी विभाग की मिलीभगत से यहां के 35 ही वार्डो में अवैध हथकढ़ षराब का कारोबार जमकर फल-फूल रहा हैं। जिसके सेवन से जाटव, कोली आदि समाजों की महिलाएं विधवा हो चुकी हैं। कई लोग असमय ही काल कवलित हो चुके हैं। विभाग का कच्ची षराब वालो को पूर्ण संरक्षण प्राप्त हैं।

एक दिन आकर कार्रवाई कर मीडिया में खबरे प्रकाषित कर इतिश्री करवा लेते हैं। गेरा ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में कुछ लोगो व महिलाओं ने हथकढ शराब पर अकुंष नही लगने के कारण मतदान का बहिश्कार कर दिया था। समझाइष उपरांत मतदान करवाया गया था। एक-दो दिन ही इस पर अंकुष रहा, फिर वही गौरखधंधा शुरू हो गया था।

विभागीय अधिकारियों व यहां के प्रहराधिकारी को फोन लगाते है तो वे फोन उठाना तक मुनासिब नही समझते हैं और जैसे-तैसे फोन उठा भी लेते हैं तो समस्या बताई जाती हैं तो इनके द्वारा पल्ला झाड़ कर फोन काट दिया जाता हैं। इस पर जिला कलेक्टर ने यहां मौजूद आबकारी विभाग के सीआई प्रकाश देवडा को विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के विरूद्ध कडी कार्रवाई करने के लिए निर्देषित किया।

## अवैध देशी शराब के पव्वों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** नान्ता पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते समय अवैध देशी शराब के 59 पव्वों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। नान्ता थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरिक्षक शिवराज सिंह मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि पटयाल चोथमाता मंदिर रोड नहर के समीप एक व्यक्ति अवैध देशी शराब की बिक्री कर रहा है।

थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौके पर खड़े संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन कर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो कट्टे में से अवैध देशी शराब के 59 पव्वे बरामद किये गये। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए करणी नगर कालबेलिया बस्ती नान्ता निवासी गंगाधर (19) को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 52-52 पव्वों सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि इलाके में गश्त चैकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए किशोरपुरा निवासी पप्पन उर्फ अखलेश (45) एवं माला फाटक निवासी शरीफ (40) को अवैध देशी शराब के 52-52 पव्वों सहित गिरफ्तार किया।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक 4708 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 6.3.25

आवास संख्या 1-ज-1 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री मदन मोहन पुरोहित पुत्र श्री सुखराज पुरोहित को किया गया था। श्री मदन मोहन पुरोहित पुत्र श्री सुखराज पुरोहित द्वारा पूर्व में उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.07.1993 को आम मुख्तार नामा आलेखित कर श्री अशोक कुमार व्यास पुत्र श्री सोमदत्त व्यास को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया। इस आवास का पंजीयन श्री अशोक कुमार व्यास पुत्र श्री सोमदत्त व्यास मुख्तारआम श्री मदन मोहन पुरोहित पुत्र श्री सुखराज पुरोहित के नाम दिनांक 08.09.1993 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री अशोक कुमार व्यास पुत्र श्री सोमदत्त व्यास मुख्तारआम श्री मदन मोहन पुरोहित पुत्र श्री सुखराज पुरोहित द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 23.11.1993 को श्री बृज मोहन पुत्र श्री धर्मवीर सिंह को किया गया। श्री बृज मोहन पुत्र श्री धर्मवीर सिंह द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.01.1997 को श्रीमती कान्ति बाई जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन व श्री निर्मल कुमार जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार जैन को संयुक्त रुप से किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती कान्ति बाई जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 14.09.2000 को हो चुकी है। श्रीमती कान्ति बाई जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन द्वारा इस आवास में वर्णित अपने 1/2 अविभाजित हिस्से की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत-नामा आलेखित कर दिनांक 02.11.1999 को इनके पति श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री कन्हैया लाल जैन के पक्ष में आलेखित की गई। श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री कन्हैया लाल जैन एवं श्री निर्मल कुमार जैन पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.07.2002 को श्री मोहनलाल चांडक पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण चांडक को किया गया। श्री मोहनलाल चांडक पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण चांडक का नाम दिनांक 03.01.2013 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री मोहनलाल चांडक पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण चांडक की मृत्यु दिनांक 28.10.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती नीता काबरा पत्नी श्री हेमन्त कुमार काबरा पुत्री स्व. श्री मोहनलाल चांडक एवं श्री दीपक माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल चांडक द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का त्याग जरिये हक त्याग पत्र आलेखित कर दिनांक 09.12.2024 को श्री मनोज माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल चाण्डक के पक्ष में किया गया। श्री मनोज माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल चाण्डक द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ज-1 दादाबाड़ी कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र के आधार पर श्री मनोज माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल चाण्डक के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मनोज माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल चाण्डक के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मनोज माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मोहनलाल चाण्डक के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

